Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to give impetus to implementation of Pradhan Mantri Awas Yojana (Grameen) in Rajasthan particularly in Udaipur Parliamentary Constituency in the State-laid.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): देश में आज भी कई नागरिक ऐसे हैं जो अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण खुद का घर बनवाने में एवं पुराने घर की मरम्मत करवाने में सक्षम नहीं है । ऐसे सभी नागरिकों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का शुभारंभ किया गया है ।

पीएम ग्रामीण आवास योजना को हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा वर्ष 2015 में लांच किया गया था ।

ग्रामीण आवास योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को घर की मरम्मत करवाने एवं घर बनवाने के लिए आर्थिक सहायता मुहैया करवाई जाती है । यह आर्थिक सहायता समतुल्य भूमि के लिए रू. 1,20,000 एवं पहाड़ी इलाकों के लिए रू. 1,30,000 है ।

राजस्थान प्रदेश में इस योजना का लाभ सभी लोगों को नहीं मिल पा रहा है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि आप मामले की गंभीरता को देख राजस्थान प्रदेश एवं मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर, जो कि एक टी.एस.पी. क्षेत्र है एवं यहाँ जनजातीय समुदाय के लोग रहते हैं, में इस योजना को गति दिलाने की कृपा करें ।